**E-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0**– 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (वैशाली)– 15 / 2024.3008.......पटना, दिनांक–31/08/2026

# आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, वैशाली का पत्रांक 647 / बन्दो0 दिनांक 10.07.2025 द्वारा श्री मो0 साकिब (Emp.ID-AEN07289), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध श्री गुंजन कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो से अमर्यादित व्यवहार एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने संबंधी आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई करने की अनुरोध किया गया है।

प्राप्त अनुरोध के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4278 दिनांक 31.07.2025 द्वारा श्री साकिब से 7 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है तथा इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर समर्पित किया गया है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर के समीक्षोपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी, वैशाली के पत्रांक 435 दिनांक 07.07.2026 के द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है, जिसमें श्री साकिब के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की गई है।

अतः बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन / अनुशंसा, उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त श्री साकिब (Emp.ID- AEN07289), विशेष सर्वेक्षण अमीन को अपने व्यवहार एवं आचरण में कार्यालय अनुशासन के अनुरूप बदलाव प्रदर्शित करने एवं पुनः इसकी पुनरावृत्ति किये जाने पर सेवा से बर्खास्तगी से संबंधित के चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

2. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

27/8/26

**(रवीन्द्र कुमार सिंह)**
सरकार के उप सचिव
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**– 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (वैशाली)– 15 / 2024.3008.**पटना, दिनांक** :..31/08/2026

**प्रतिलिपि** :– बन्दोबस्त पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बन्दोबस्त कार्यालय, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/8/26

**सरकार के उप सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**– 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (वैशाली)– 15 / 2024.3008..**पटना, दिनांक** :.......31/08/2026

**प्रतिलिपि** :– श्री मो0 साकिब (Emp.ID-AEN07289), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, वैशाली को सूचनार्थ प्रेषित।

27/8/26

**सरकार के उप सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**– 03 / भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (वैशाली)– 15 / 2024.3008.**पटना, दिनांक** :.........31/08/2026

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R साफ्टवेयर के अन्तर्गत संधारित उक्त कर्मी का व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

27/8/26

**सरकार के उप सचिव**

D:\JYOTI 2026\Amit Sir\Order\15-2024-27-08-2026.doc